स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 07.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सरल बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा कोहका माईनर नहर पर सड़क निर्माण का सौगात दिया गया है। जिसका निर्माण कार्य द्रुत गति चल रहा है। चल रहे निर्माण कार्य का बुधवार को प्रातः सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने स्थल निरीक्षण कर सम्पूर्ण कार्य जायजा लिये।

आयुक्त ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों की जानकारी के लिए योजना की लागत एवं निर्माण कार्य प्रारम्भ तथा कार्य पूर्व होने की जानकारी का बोर्ड बनाकर लगाया जावे। सुरक्षा के दृष्टिगत् खोदे गये गड्डे के किनारे फीता लगाये । ढ़लाई के बाद जुट बैग लगाकर तराई करें।

आयुक्त श्री चौहान कार्य में उपयोग किये जा रहे निर्माण सामग्री के गुणवत्ता की जांच करते हुए कहा कि निर्माण में गुणवत्ता के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगा। निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें ताकि जनता को इसका लाभ समयानुसार मिल सके । नहर किनारे से हटाये गये आवासों के पात्र हितग्राहियों को प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। आयुक्त ने तेलहा नाला में चल रहे नाले की सफाई कार्य का भी निरीक्षण किया । सेग्रीगेशन प्लांट का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि गीला एवं सुखा कचरा जब सेग्रीगेशन में छटाई की जाती है तो गीले कचरे को खाद बनाने की प्रक्रिया अपनाई जाये साथ ही सुखा कचरा को एकत्र कर रखें ।

जनसम्पर्क विभाग